भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 947#
गुरुवार, 27 जुलाई, 2023/05 श्रावण, 1945 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

## होमस्टे को बढ़ावा दिया जाना

947# श्री बृजलालः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार पर्यटन को प्रोत्साहन देने के लिए होमस्टे को बढ़ावा देने पर विचार कर रही है और यदि हाँ, तो इस सम्बन्ध में क्या कदम उठाए गए हैं;

(ख) क्या सरकार इस सम्बन्ध में एक राष्ट्रीय नीति लाने पर भी विचार कर रही है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस दिशा में अभी तक क्या कार्य किया गया है; और

(ग) सरकार की इस नीति से स्थानीय स्तर पर कितना रोजगार सृजित होगा और इस नीति के विस्तार हेतु सरकार ने क्या कदम उठाए हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (ग): पर्यटन मंत्रालय देश में पर्यटन के संवर्धन के लिए उत्तरदायी है और पर्यटन हेतु अवसंरचना के निर्माण, विपणन तथा प्रोत्साहन और कौशल विकास पहलों संबंधी विभिन्न योजनाओं को कार्यान्वित करता है जिनका ग्रामीण और शहरी होमस्टे दोनों के संवर्धन एवं विकास हेतु लाभ उठाया जा सकता है।

पर्यटन मंत्रालय अतुल्य भारत बेड एंड ब्रेकफास्ट प्रतिष्ठानों और अतुल्य भारत होमस्टे प्रतिष्ठानों के वर्गीकरण की अपनी स्वैच्छिक योजना के तहत देश में होमस्टे सुविधाओं के पूर्ण रूप से प्रचालित कमरों का वर्गीकरण करता है। इसका मूलभूत उद्देश्य विदेशी और घरेलू पर्यटकों दोनों के लिए समान रूप से एक स्वच्छ और किफायती स्थान उपलब्ध कराना है जिसमें विदेशी

पर्यटकों के लिए भारतीय प्रथाओं एवं परंपराओं का अनुभव करने और विशुद्ध भारतीय क्विज़ीन का आनंद उठाने हेतु एक भारतीय परिवार के साथ रहने का अवसर शामिल है।

उपर्युक्त के अलावा, पर्यटन मंत्रालय ने ग्रामीण होमस्टे के संवर्धन हेतु राष्ट्रीय कार्यनीति तैयार की है। इस कार्यनीति के मुख्य उद्देश्यों में से एक ग्रामीण क्षेत्रों में उद्यमिता तथा नौकरियों के अवसरों का सृजन करना है। यह दस्तावेज़ अन्य बातों के साथ-साथ प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) जैसी योजनाओं के तहत उपयुक्त ग्रामीण होमस्टे परियोजनाओं पर विचार-विमर्श करने की आवश्यकता पर ज़ोर देता है ताकि केंद्रीय और राज्य सरकारों के तहत एमएसएमई सेवा उपक्रमों के संवर्धन और विकास के लिए स्व-रोजगार, ग्रामीण उद्योगों तथा अन्य योजनाओं का संवर्धन किया जा सके।

*******